## एक नजर में

### उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में निःशुल्क साइकिल का 13 विद्यार्थियों को मिला लाभ




**रतलाम।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आज साइकिल वितरण समारोह बड़े ही उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य महोदय के कुशल मार्गदर्शन एवं उपस्थित स्टाफ सदस्यों के सहयोग से 7 बालक एवं 6 बालिकाओं को शासकीय योजना के अंतर्गत नि:शुल्क साइकिल प्रदान की गई। साइकिल प्राप्त करते ही विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशियों की चमक साफ झलक रही थी। सभी लाभान्वित विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ विद्यालय पहुंचे और साइकिल पाकर उन्होंने शासन के इस प्रेरणादायी प्रयास के प्रति आभार व्यक्त किया। प्राचार्य सुभाष कुमावत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि साइकिल केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि शिक्षा के मार्ग को सुगम बनाने वाला एक आवश्यक साधन है। इसका सदुपयोग करते हुए आप सभी नियमित रूप से विद्यालय आएँ और उत्कृष्ट उपलब्धियाँ प्राप्त करें। कार्यक्रम के दौरान आर.सी. पांचाल, शरद शर्मा, माया मौर्या, मुन्नेश बघेल, महेंद्र मेघवाल, रीना कोठारी, अर्चना टाक, ललित मेहता, प्रेमलता व्यास, यशस्वी वर्मा एवं दिव्य मल्ल सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे एवं विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

### भावान्तर भुगतान योजना में पंजीयन के लिए अंतिम दो दिन शेष

**रतलाम।** उप संचालक कृषि श्रीमती नीलम सिंह चौहान द्वारा बताया गया कि जिले में भावान्तर भुगतान योजना में पंजीयन हेतु अंतिम दो दिन शेष बचे है। पंजीयन की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर शासन द्वारा निर्धारित की गई है। किसान भाई प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में, सी.एस.सी. एवं एम.पी.ऑनलाईन केन्द्रो पर पंजीयन करा सकते है। किसान भाई अंतिम दो दिनों में अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन कराकर शासन की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ लें।

### शहरी गरीबी उपशमन विभाग (सामाजिक कल्याण प्रकोष्ठ) समिति की बैठक संपन्न



**रतलाम।** महापौर प्रहलाद पटेल के निर्देशानुसार नगर निगम शहरी गरीबी उपशमन विभाग (सामाजिक कल्याण प्रकोष्ठ) की बैठक समिति प्रभारी रामूभाई डाबी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। आयोजित बैठक में अनुशंसा की गई कि नगर के शत-प्रतिशत नागरिक अपनी समग्र आईडी को ईकेवाईसी के द्वारा आधार से लिंक करायें इस हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये ताकि नागरिकों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सकें। इसके अलावा नगर निगम द्वारा आयोजित शिविरों में दिव्यांगजनों का अधिक से अधिक स्वास्थ्य परीक्षण किया जाये तथा योजनाओं का लाभ दिलाया जाये। आयोजित बैठक में समिति प्रभारी रामूभाई डाबी के अलावा समिति सदस्य रणजीत टांक, करण कैथवास, श्रीमती देवश्री पुरोहित, श्रीमती संगीता सोनी, श्रीमती आशा रावत, श्रीमती मीनाक्षी सेन समिति सचिव जितेन्द्र राठौर आदि उपस्थित थे।

### अतिवृष्टि से फसलों का भारी नुकसान, विधायक डोडियार ने पारदर्शी सर्वे और मुआवजा की मांग की

**सैलाना।** क्षेत्र में इस वर्ष हुई लगातार अतिवृष्टि और जलभराव ने किसानों की कमर तोड़ दी है। खेतों में खड़ी सोयाबीन, मक्का, उड़द और मूंग जैसी फसलें भारी वर्षा और पानी भराव के कारण बर्बाद हो गईं। कई किसानों ने शुरुआती बरसात में बुआई ही नहीं कर पाई, जबकि जिन किसानों ने मेहनत से बुआई की, उनकी पूरी मेहनत पानी में बह गई। इसी गंभीर स्थिति को ध्यान में रखते हुए सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार ने कलेक्टर एवं जिलादंडाधिकारी सुश्री मिशा सिंह को एक विस्तृत आवेदन (क्रमांक 410/वीआईपीP/2025) सौंपा है। आवेदन में विधायक ने कहा है कि इस बार की अतिवृष्टि ने किसानों को गहरे आर्थिक संकट में धकेल दिया है। बीज, खाद, कीटनाशक और मजदूरी का खर्च तक किसानों की वसूली नहीं हो पाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र में कार्यरत राजस्व अधिकारीगण द्वारा समय पर और पर्याप्त सर्वे नहीं किया गया है, जिससे किसानों में नाराजगी और असंतोष बढ़ता जा रहा है। विधायक ने मांग की है कि प्रशासन तत्काल पुन: सर्वे कराए और पारदर्शी ढंग से फसलों की क्षति का सटीक आकलन किया जाए। डोडियार ने आगे कहा किसान हमारे अन्नदाता हैं। उनकी मेहनत ही हमारे समाज और अर्थव्यवस्था की नींव है। ऐसे में जब प्राकृतिक आपदा के कारण उनकी फसलें नष्ट हुई हैं, तो सरकार और प्रशासन का दायित्व है कि उन्हें शीघ्र और न्यायसंगत मुआवजा मिले।

# लूट और चोरी का खुलासा : दो नाबालिग सहित 4 गिरफ्तार

**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** नाबालिकों को साथ लेकर एक टीम द्वारा जिले के रानीसिंह के घरों में लूट और चोरी की वारदातों का अंजाम दिया था। पुलिस ने एक पखवाड़े पूर्व हुई इस लूट और चोरी की वारदातों का बुधवार को खुलासा किया। मामले में दो नाबालिकों सहित 4 लोगों को गिरफ्तार किया हैं।

- थाना रावटी पुलिस द्वारा लूट एवं चोरी की वारदातों का किया खुलासा
- आरोपियों से 1 लाख रुपए से अधिक का माल बरामद



अज्ञात आरोपियों ने 2 अक्टूबर की रात में रवि डामर निवासी रानीसिंग के घर की दीवार लोहे के सरिये से तोड़कर अंदर प्रवेश कर परिवार को धमकाते हुए 60,000 नगद, चांदी के आभूषण (कड़ा, हाथफूल, मंगलसूत्र, बिछुड़ी आदि) चोरी कर लिए थे इसी प्रकार 5अक्टूबर की रात को निलेश सोनी की दुकान का शटर उचकाकर 7,000 नगद एवं चांदी की झुमकियां चोरी की गईं, तथा 9 अक्टूबर को मुकेश मालीवाड़ और सुनील मचार की गुमटियों के ताले तोड़कर नकली आभूषण, कपड़े व अन्य सामग्री चोरी की गई थी। इन घटनाओं पर थाना रावटी में क्रमशः अपराध क्रमांक 464/2025, 465/2025 एवं 469/2025, धारा 331(4), 305(ए), 307 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतलाम शहर राकेश खाखा के एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सैलाना श्रीमति नीलम बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रावटी निरीक्षक दीपक मंडलोई के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। वरिष्ठ अधिकारीगणों द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। फिंगर प्रिंट टीम, सायबर टीम एवं थाना रावटी की संयुक्त कार्यवाही के तहत घटना स्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य संकलित किए गए। थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा ज़मीनी पुलिसिंग, मुखबिर तंत्र एवं सतत निगरानी से संदिग्धों की पहचान की गई। लगातार प्रयासों से दो संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिन्होंने अपने दो अन्य साथियों सहित तीनों घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गया मशरूका बरामद किया गया।

**इन्हें किया गिरफ्तार**

मामले में पुलिस ने आरोपी मुकेश पिता रमेश गरवाल, उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम रानीसिंग। राकेश पिता गंगाराम गरवाल, उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम रानीसिंग सहित अन्य 2 विधि विरुद्ध बालक को गिरफ्तार किया हैं।

**इनकी सराहनीय भूमिका**

कार्यवाही में निरीक्षक दीपक कुमार मण्डलाई थाना प्रभारी रावटी, उनि. पी.एस. हटिला, उनि. एम.आई. खान, सउनि गणेश शर्मा, प्र.आर. बद्रीलाल चौधरी, प्र.आर. आतीश धानक, प्र.आर. महेश ढाकरे, प्र.आर. प्रकाश सिंघल, आर. महेश मैडा, आर. अवधेश परमार, आर. राहुल मेडा, आर. बहादुर डांगी, आर. सुरेन्द्र राठौर, आर. निलेश कटारा, आर. प्रेमप्रकाश कटारा, आर. दिनेश खराड़ी (एसडीओपी कार्यालय सैलाना) एवं सायबर टीम का विशेष योगदान रहा।

**यह माल हुआ जब्त :** कुल जप्तशुदा मशरूका की कीमत लगभग 1,06,000/- है, जिसमें शामिल नगदी 22,000/- 2. चांदी के आभूषण (कड़े, चूड़ियां, बिछुड़ी, मंगलसूत्र, झुमकियां आदि) व नकली चांदी के आभूषण, रिबन, क्रिम, लिपस्टिक, पेंट-शर्ट आदि है।

## नियमों का उल्लंघन करने पर कई दुकानदारों पर प्रकरण दर्ज

**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह और नियंत्रक नापतौल म. प्र. भोपाल द्वारा उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने हेतु मिठाई, नमकीन, बर्तन, पैन्ट एवं सर्राफा व्यापारियों के नापतौल उपकरणों और पैकेज बंद वस्तुओं के निरीक्षण हेतु दिये गये निर्देश के पालन में नापतौल निरीक्षक भारत भूषण रतलाम द्वारा पाक्षिक विशेष जाँच अभियान चलाकर उपरोक्त व्यापारियों के नापतौल उपकरणों और पैकेज बंद वस्तुओं का निरीक्षण किया गया।

**दीपावली त्यौहार पर नापतौल विभाग ने जांच कर बनाए प्रकरण**

जिसमें मै. पेंटिग हाउस (रंग पेंट व्यापारी), रतलाम, मै. कलर नेस्ट (रंग पेंट व्यापारी), रतलाम, मै. हार्डवेयर पैलेस, (रंग पेंट व्यापारी), रतलाम, मै. राठौर स्वीट्स, नमकीन एवं रेस्टोरेन्ट, रतलाम, मै. पण्डित स्वीट एण्ड नमकीन, रतलाम, मै. इन्दरमल समरथमल (रंग पेंट व्यापारी), रतलाम, मै. सैफ ट्रैडर्स (रंग पेंट व्यापारी), रतलाम, मै. कृष्णा स्वीट्स, रतलाम, मै. श्री शारदा ज्वेलर्स, रतलाम, मै. राधिक ज्वेलर्स, रतलाम, मै. आर. आर. जे. ज्वलेर्स, रतलाम, मै. पोवचा ज्वेलर्स, नामली, मै. सिद्धार्थ नमकीन, (मिठाई एवं नमकीन), नामली, मै. श्री बालाजी जोधपुर मिष्ठान भण्डार, नामली, मै. श्री वीर तेजाजी मिष्ठान भण्डार, नामली, मै. शुभम पान एवं श्याम के नमकीन (मिठाई एवं नमकीन), नामली, मै. श्री राधे नमकीन एवं स्वीट्स, जावरा, मै. रॉयल हार्डवेयर एवं पेंट, (रंग पेंट व्यापारी), जावरा, मै. महालक्ष्मी नमकीन एवं स्वीट्स, जावरा, मै. महाराज नमकीन एवं स्वीट्स, जावरा, मै. विजय मेटल्स (बर्तन व्यापारी), जावरा, मै. महेन्द्र मेटल्स (बर्तन व्यापारी), जावरा पर विभागीय अधिनियम और नियमों के उल्लघंन और दण्डनीय अपराध पाये जाने पर प्रकरण पंजीबद्ध किये गये।

उपरोक्त दुकानों से नापतौल उपकरण एवं पैकेज बंद वस्तुओं को जप्ती कर कार्यवाही करने के साथ-साथ मिठाई कम तौलने की कार्यवाही की गई है। भारत भूषण निरीक्षक नापतौल रतलाम ने उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि पैकेज बंद वस्तुओं को खरीदते समय निर्माता/पैककर्ता का नाम व पूर्ण पता, वस्तु का नाम, वस्तु की शुद्ध मात्रा, वस्तु का एम.आर.पी. (सभी करों सहीत), युनिट सेल प्राईज, उपभोक्ता शिकायत करने के लिये व्यक्ति अथवा कार्यालय का नाम, पता, टेलीफोन नंबर और ई-मेल पता के साथ-साथ एम.आर.पी. से अधिक पर विक्रय करना या एम.आर.पी. को काटकर/ मिटाकर/स्टीकर लगाकर बड़ाया गया हो तो विभाग को शिकायत कर सकतें है।

## धरती से करें अपनी मां की भांति प्रेम : महापौर पटेल

**रतलाम।** धरती को हरा-भरा रखना हम सभी का दायित्व है क्योंकि इस धरती के पेड़-पौधो से ही हमें ऑक्सीजन मिलती है जिससे हम जीवित रह पाते है इसलिये धरती को अपनी माँ की भांति प्रेम करना चाहिये। उक्त उद्गार महापौर प्रहलाद पटेल ने वार्ड क्रमांक 22 स्थित कल्याण नगर में नव निर्मित उद्यान के लोकर्पण अवसर पर व्यक्त किये। उन्होने कहा कि नगर निगम ने उद्यान को विकसित कर अपना दायित्व निभाया है नागरिकों का भी कर्तव्य है कि इस उद्यान को सहेजकर इसे हरा-भरा रखें। प्रारंभ में महापौर प्रहलाद पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, भाजपा जिला महामंत्री जयवंत कोठारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विप्लव जैन, प्रहलाद राठौर, मनोज शर्मा, मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित, नन्दकिशोर पवांर, क्षेत्रिय पार्षद एवं स्वच्छता तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन समिति प्रभारी विशाल शर्मा आदि ने फीता काट लोकार्पण किया।



## पीएम स्वनिधि अवार्ड प्राप्त करने के लिए कैबिनेट मंत्री काश्यप ने महापौर और पदाधिकारियों को बधाई दी

**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** पी.एम. स्वनिधि अवार्ड प्राप्त करने के लिए कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने महापौर और पदाधिकारियों को गत दिवस बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

नगर के विकास और जनहित में किये गये उत्कृष्ट कार्यों के लिए रतलाम नगर निगम को पी.एम. स्वनिधि अवार्ड से पुरस्कृत किया गया है। महापौर प्रहलाद पटेल ने इस अवार्ड के साथ कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप से भोपाल में भेंट की। उनके साथ आलोट विधायक चिंतामणि मालवीय, जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, भाजपा कार्यकर्ता सोनू यादव, अनुज शर्मा और गौरव मूणत ने भी मंत्री जी से भेंट की। श्री काश्यप ने पी.एम. स्वनिधि अवार्ड प्राप्त करने के लिए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। साथ ही नगर के विकास और जनता के हित में और भी ज्यादा अच्छा काम करने के लिए प्रोत्साहित किया।



## विधानसभा प्रभारी कमल पटेल ने ली बैठक

**नव भारत न्यूज**

**सैलाना।** विधानसभा प्रभारी व उज्जैन के पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कमल पटेल ने सैलाना प्रवास के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओ की बैठक ली। पूर्व विधायक व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हर्षविजय गेहलोत के निवास पर आयोजित बैठक मे ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक मे श्री पटेल ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ जमीन पर उतरने का समय आ गया है। इनके खोखले आश्वासन व झूठ को आमजन तक पहुंचाने की हर एक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। अबकी बार यह लोग झूठ के बल पर चुनाव ना जीत सकें। स्वागत सम्बोधन के दौरान श्री गेहलोत ने संगठन के कार्यक्रमो को लेकर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जगदीश पाटीदार, नगर परिषद अध्यक्ष चेतन्य शुक्ला, पार्षद मंगलेश कसेरा, कांग्रेस नेता जगदीश कुमावत, रामप्रसाद चंदेल, महेश सोलंकी, वजेसिंह खराड़ी, राधेश्याम पाटीदार सहित क्षेत्र के कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मिलावट के विरुद्ध लगातार कार्रवाई

**रतलाम।** आगामी त्यौहार को देखते हुए कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के आदेश अनुसार एवं एस. डी. एम के निर्देशन में खाद्य औषधि प्रशासन रतलाम के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा मिलावट के विरुद्ध लगातार कार्रवाई जारी है। 15 अक्टूर बुधवार को रावटी एवं जावरा में कार्रवाई करते हुए निरीक्षण कर साफ सफाई हेतु निर्देशित किया गया एवं संस्थानों से नमूने लिए गए। कालू मावा भट्टी डाबड़ी से नमूना जांच हेतु लिया गया एवं मुकेश गुर्जर डाबड़ी से मावा का नमूना लिया एवं जैन स्वीट से नमकीन स्वीट्स एंड नमकीन चौपाटी जावरा से मिल्क केक और लोंग सेव के नमुने, उस्मान ट्रेडर्स गुना चौक जावरा से काजू एवं सारस घी के नमूने लिए गए। नमूने जांच हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे जाएंगे। रिपोर्ट प्राप्त होने पर आगामी कार्यवाही की जाएगी। टीम में प्रीति मंडोरिया खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं ज्योति बघेल खाद्य सुरक्षा अधिकारी जावरा जिला रतलाम मौजूद थे।

## भाजपा मतलब सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास

**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा ने नाहरपुरा स्थित एमजीएम उर्दू स्कूल में समारोह पूर्वक नवनियुक्त जिला भाजपा पदाधिकारियों का सम्मान किया। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि सबका साथ ,सबका विकास और सबका विश्वास ही भाजपा का ध्येय है । देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस ध्येय को पूरा करते हुए लगातार भारत को पुन: परम वैभव पर ले जाने का कार्य कर रहे है ।

**समारोह में बोले वक्ता, नवनियुक्त जिला भाजपा पदाधिकारियों का सम्मान किया**

समारोह में जिला महामंत्री महेश सोनी, जयवंत कोठारी, जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद राठौड़, अनिता कटारिया, जिला मंत्री प्रताप सिंह, कैलाशी बाई चारेल, जिला कोषाध्यक्ष पवन सोमानी, सह कोषाध्यक्ष राजेंद्र पाटीदार, जिला मीडिया प्रभारी अरुण त्रिपाठी, सह प्रभारी नीलेश बाफना, जिला



कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा, जिला वक्फ बोर्ड अध्यक्ष बबलू पटेल, जिला हज कमेटी अध्यक्ष फैयाज खान,पार्षद शबाना खान मंचासीन रहे । आरंभ में अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश उपाधयक्ष इब्राहीम शैरानी ने स्वागत भाषण दिया । संचालन अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामन्त्री प्रो.इमरान हुसैन ने किया । आभार मोर्चा जिला अध्यक्ष मंसूर जमादार ने माना। इस दौरान जिला महामन्त्री इमरान मेव, मंडल उपाध्यक्ष मुबारिक शैरानी,जिला उपाध्यक्ष रईस कुरैशी, वाजिद खान, नगर अध्यक्ष इरफान कुरैशी, इमरान रहमानी, इसरार रहमानी, जाकिर शाह, आसिफ अंसारी, अज़हरुद्दीन, साजिद अंसारी, आकिब अंसारी, राशिद आलम, शेरू पठान अख्तर हुसैन, जहीर खान, अब्दुल रईस, जाकिर शाह,सरफराज हुसैन, आशिक खान, सलामत हुसैन, मरियम मंसूरी, जाफ़र अंसारी, इक़बाल अब्बासी, इरशाद मंसूरी, रज्जाक खान, सरफराज खान समाजसेवी गफ्फार खुद्दाम, फारुख खान आदि उपस्थित रहे । जिला महामंत्री जयवंत कोठारी, जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा ,अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश उपाधयक्ष इब्राहीम शैरानी ने सम्बोधित किया। कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप के नेतृत्व मे शहर को चौतरफा विकास हो रहा है।



## ड्रॉ के द्वारा 97 दुकानदारों को पटाखा की दुकानें आवंटित

**जावरा ।** रोशनी का त्यौहार दीपावली धूमधाम से मनाने को लेकर बाजार सजने लगे हैं। लोग हर एक जरूरत की सामग्रियां की खरीदारी करने निकल चुके हैं। इस बीच दीपावली पर लोग खुशियां मनाने के लिए भी तरह-तरह की तैयारियां कर रहे हैं। इस बीच दीपावली के त्यौहार में पटाखों की गड़गड़ाहट ना हो यह हो नहीं सकता। बच्चों से लेकर युवा वर्ग में पटाखे की खरीददारी को लेकर उमंग देखने को मिल रही है। इधर देर से ही सही लेकिन बुधवार को नगर पालिका टाउन हॉल में इकबालगंज में लगने वाली पटाखा दुकानों का लकी ड्रा के माध्यम से वितरण किया गया। पटाखा मार्केट की दुकानों का ड्रा के द्वारा 97 दुकानदारों को दुकानें आवंटित की गई । इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी राहुल शर्मा, नगर पालिका राजस्व समिति चेयरमेन लोकेश विजवा, राजस्व शाखा के विकास त्रिवेदी, गजेंद्र बना, पटाखा यूनियन के सदस्य उपस्थित थे।

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** महिला एवं बाल विकास विभाग, रतलाम और रतलाम पुलिस के संयुक्त तत्वाधान से रॉयल इंस्टीट्युट ऑफ मेनेजमेंट एंड एडवांस्ड स्टेडीज में साइबर सूरक्षा जागरूकता एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**रॉयल कॉलेज में महिला एवं बाल विकास विभाग और पुलिस प्रशासन का संयुक्त कार्यक्रम**

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुनिल सेन ने बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं अभियान के तहद और अंर्तराष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य, जेंडर एक्रेलिटी विषय पर जागरूक किया। साथ ही साथ उन्होनें महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी प्रकाश डाला।

सालाखेड़ी चैकी प्रभारी उपनिरीक्षण मुकेश यादव ने विद्यार्थीयों एवं स्टाफ को साइबर अपराधों से बचाव, आनलाईन ठगी, साइबर बूलिंग और फिशिंग जैसे अपराधों से सतर्क रहने हेतु जागरूक किया। महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक रतलाम शहर-1 सुश्री हेमलता गेहलोत ने प्रतिभागियों को पोषण माह के अंतर्गत पोषण एवं अनिमिया पर जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के फार्मेसी प्राचार्य डॉ. मनीष सोनी, कार्यक्रम समन्वयक प्रो. कपिल केरोल, डॉ. अमित शर्मा, डॉ. संतोष पाटीदार, प्रो. गजराज सिंह राठोर, व बंकट अकोदिया उपस्थित रहें।





## प्रतियोगिता के विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

**जावरा ।** महिला बाल विकास परियोजना जावरा अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 13 से 17 अक्टूबर तक बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ थीम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी आरएन बुधौलिया के निर्देशानुसार एवं पंकज कुंवर राणावत और ममता शर्मा द्वारा सीएम राइज स्कूल जावरा एवं शासकीय माध्यमिक विद्यालय बोरदा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम विद्यालय में उपस्थित (बालिकाओं से भारत में बालिकाओं का भविष्य) विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें विद्यालय के बालक एवं बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं अपने-अपने विचारों को कागज पर उतारा, जिनके द्वारा सबसे अच्छा निबंध लिखा गया उनमें से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय का चयन कर विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी छात्र छात्राओं सहित विद्यालय के प्राचार्य महोदय राजेंद्र बोस , उप प्राचार्य संजय श्रीवास्तव, बोरदा विद्यालय की शिक्षिका मोनिका दवे उपस्थित रहे।